हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 22 अप्रैल 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 पुनर्जीवन की योजना ठंडी पड़ी, माचना में 15 किमी में...



07 चाकूबाजी की घटनाओं को रोकने पुलिस अब एक्शन...



## खबर संक्षेप

### सट्टा खिलाते ढाबे के पास एक आरोपी गिरफ्तार

**इटारसी।** थाना पुलिस ने अवैध जुआ और सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम करीब 5:55 बजे ग्राम पथरौटा में रंजीत ढाबा के बाजू में, बड़ी नहर के पास एक पेड़ के नीचे अवैध रूप से सट्टा खिलाया जा रहा था।मुखबिर की सूचना पर थाना पथरौटा के सउनि कल्लू सिंह धुर्वे ने टीम के साथ दबिश दी। मौके से आरोपी राजेश कुमार गुप्ता 46, निवासी पुरानी इटारसी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से सट्टा सामग्री और 630 रुपये नगद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### नपा अध्यक्ष ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांची

**इटारसी।** न्यास कॉलोनी के पीछे स्थित समरसता नगर में गरीब परिवारों के लिए बन रही पक्की छतों का काम अब अंतिम चरण में पहुंच रहा है। मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। वर्तमान में मकानों के पिलर तैयार हो चुके हैं और अब छतों को ढालने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

## विवेकानंद घाट के निर्माण पर उठे सवाल, मिलीभगत से मिलावट का आरोप

# बाढ़ के खतरे को दरकिनार रखकर बन रही कम ऊंचाई की दीवार, सौंपा ज्ञापन

स्थानीय विवेकानंद घाट पर कराये जा रहे सौंदर्यीकरण को लेकर नागरिकों में चिंता व्याप्त है। लोग किये जा रहे कार्य से चिंतित हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के विवेकानंद घाट पर नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे सौंदर्यीकरण और पिचिंग (सुरक्षा दीवार) निर्माण कार्य पर स्थानीय निवासियों ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। मंगलवार को वार्डवासियों ने एकजुट होकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और निर्माण की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की, ताकि बारिश के मौसम में बाढ़ और कटाव के खतरे से बचा जा सके।



### मिट्टी का कटाव भी है समस्या

नर्मदा तट स्थित स्थानीय विवेकानंद घाट पर किनारे से मिट्टी बहाई जा रही है इस अनियंत्रित गतिविधि के कारण तटवर्ती इलाकों की भौगोलिक स्थिति बिगड़ रही है, जिससे किनारे पर बने दर्जनों मकानों के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है। स्थानीय निवासियों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश और डर व्याप्त है कि यदि यह कटाव और मिट्टी का बहना जारी रहा तो जलस्तर बढ़ने पर यहाँ बड़ा हादसा हो सकता है।

### मानकों से न करें कोई समझौता : नागरिक

समस्त वार्डवासियों ने नगर पालिका से निवेदन किया है कि घाट के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ सुरक्षा मानकों से कोई समझौता न किया जाए और पिचिंग की ऊंचाई तुरंत बढ़ाई जाए। प्रशासन को इस आशय का ज्ञापन सौंपने के दौरान वार्ड के कई जागरूक नागरिक मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से इंदर सोनी, राहुल शर्मा, मुकेश कुमार, अफ़ज़ल सिद्दीकी, आयुष्मान अवस्थी आदि शामिल थें।

### क्या है वार्डवासियों की चिंता?

नगर पालिका द्वारा घाट पर जो पिचिंग का कार्य कराया जा रहा है, उसकी ऊंचाई महज 4 मीटर तक रखी जा रही है। वार्डवासियों का तर्क है कि बारिश के दिनों में जब नर्मदा नदी रौद्र रूप में होती है, तो बाढ़ का जलस्तर 12 से 15 मीटर तक पहुंच जाता है। ऐसे में इतनी कम ऊंचाई की दीवार बाढ़ के पानी को रोकने में पूरी तरह नाकाफी साबित होगी। नागरिकों ने अपने आवेदन में मांग की है कि वर्तमान ऊंचाई (4 फीट/मीटर) को बढ़ाकर कम से कम 12 फीट किया जाए ताकि सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### अधिकतम जलस्तर को ध्यान में रखकर हो निर्माण

स्थानीय लोगों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए याद दिलाया है कि पूर्व में भी वर्षाकाल के दौरान नर्मदा नदी के तेज बहाव और भीषण कटाव के कारण यहां की दीवार गिर गई थी। वार्डवासियों का कहना है कि यदि नदी के अधिकतम जलस्तर को ध्यान में रखकर निर्माण नहीं किया गया, तो यह नया निर्माण भी पानी का दबाव नहीं झेल पाएगा, जिससे जनता के पैसे की बर्बादी होगी और खतरा ज्यों का त्यों बना रहेगा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से समस्या का निराकरण किये जाने की मांग की है।

## हत्या के फरार आरोपी पर 20 हजार का इनाम घोषित

### आरोपी पर कई संगीन अपराध हैं पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले के थाना शिवपुर अंतर्गत ग्राम नाहरकोला निवासी लोकेश कीर पिता अमर सिंह कीर (26 वर्ष) के खिलाफ पुलिस अधीक्षक ने 20,000 रुपये के इनाम की घोषणा की है। आरोपी पर हत्या और हत्या के प्रयास जैसे संगीन अपराधों में संलिप्त होने का आरोप है।

पुलिस प्रशासन द्वारा अपराधी की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी तेज कर दी गई है और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल 2026 को थाना शिवपुर में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 102/2026 और 103/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं, जिनमें धारा 103(1) और 109(1) प्रमुख हैं, के तहत मामले दर्ज किए गए थे। वारदात को अंजाम देने के बाद से ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने अब जनता के सहयोग की अपील की है।

पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि आरोपी के संबंध में सटीक जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। सूचना देने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम (7049101031), एसडीओपी सिवनी मालवा (9340654120) या थाना प्रभारी शिवपुर (7701052515) के मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम द्वारा आरोपी की सूचना पर नकद पुरस्कार की पुष्टि की गई है।

### 3 डम्पर किए गए जप्त

**नर्मदापुरम।** रेत के अवैध उत्खनन / परिवहन/भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। खनिज, राजस्व विभाग एवं पुलिस थाना माखननगर द्वारा संयुक्त रूप से 20 अप्रैल 2026 को ग्राम-आँचलखेड़ा तवा पुल, तहसील-माखननगर में 3 डम्परों को रेत खनिज का ओवरलोड परिवहन करते जप्त किया गया है।

## पोषण पखवाड़ा: आंगनबाड़ी केंद्रों में हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार शहर के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में 8वां पोषण पखवाड़ा और नारी शक्ति वंदन अभियान उत्साह से मनाया जा रहा है। इस वर्ष का मुख्य फोकस बच्चों के शुरुआती 6 वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करने पर है।

विशेष थीम के तहत बच्चों की परवरिश में पिता और पुरुष अभिभावकों की भूमिका पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। उन्हें बच्चों के साथ समय बिताने और नो-स्क्रीन आवर (मोबाइल से दूरी) अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। वार्ड 18 के केंद्र क्रमांक 131 में सामूहिक अन्नप्राशन कराया गया। माताओं को एनीमिया की रोकथाम और शिशु के सही पोषण की जानकारी दी गई। वार्ड 13 में घर-घर संपर्क और रैली के माध्यम से संतुलित आहार और शिक्षा के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल की अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमरे, पार्षद रेखा मालवीय, सामाजिक कार्यकर्ता राजा जुनेजा आदि मौजूद रहीं।

## प्रतिभाओं का सम्मान : शिव धाम मंदिर में बच्चों की सफलता की गूंज, बच्चों को दिए गोल्ड मैडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के पत्रकार नगर एवं शिक्षक नगर स्थित भगवान भोलेनाथ मंदिर (शिव धाम) परिसर केवल आध्यात्मिक केंद्र ही नहीं, बल्कि अब संस्कार और प्रोत्साहन की पाठशाला भी बन गया है। शिव धाम समिति द्वारा यहां आयोजित एक विशेष गरिमामयी कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

समिति के इस सम्मान समारोह में सफल छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल पहनाकर और स्मृति चिह्न प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। बच्चों के चेहरों पर झलकता आत्मविश्वास और खुशी इस पहल की सफलता को बयां कर रही थी। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्य संजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में बच्चों का



मार्गदर्शन किया एवं उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों और मातृशक्ति की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। इस दौरान पत्रकार संजय शर्मा, विजय तिवारी, किशोर सीरिया और राजू अग्रवाल सहित अर्पिता राजपूत, वर्षा सीरिया, ज्योति शर्मा, अर्पिता शर्मा, नेहा गौर, प्रज्ञा सेठ, बाथरी, पटेल, ललित तिवारी आदि मौजूद रहीं।

## केसला थाने के सामने भीषण सड़क हादसा फोर व्हीलर ने टू-व्हीलर को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मंगलवार दोपहर केसला थाने के ठीक सामने एक तेज रफ्तार फोर व्हीलर वाहन क्रमांक एमपी 05, जेडजे 6547 ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए आगे जा रही एक टू-व्हीलर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टू-व्हीलर पर सवार दोनों व्यक्ति सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवाओं के नाम उमेश पिता जगराम 22 वर्ष, निवासी अमझिरा और दूसरा उसका साथी वीरेन्द्र पिता मंगल सिंह 24 वर्ष है। कार चालक को फिलहाल थाने में



बिठा रखा है। कार चालक केसला से इटारसी की ओर जा रहा था।

घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस कर्मियों की मदद से घायलों को संभाला गया। तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई, जिसकी मदद से दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सुखतवा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को संभाला। फिलहाल घायलों का उपचार जारी है और पुलिस फोर व्हीलर चालक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फोर व्हीलर की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया।

## हाईवे पर शराब तस्करी के खिलाफ की कार्रवाई 90 हजार की शराब के साथ दो अरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम जिले की केसला थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एनएच-46 हाईवे पर घेराबंदी कर भारी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक कार भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई 20 अप्रैल की रात करीब 11:30 बजे की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने केसला जनपद पंचायत के सामने हाईवे की पुलिया पर दबिश दी। पुलिस टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी निरीक्षक मदन पवार ने किया।

पुलिस ने मौके से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जो कार के जरिए शराब का अवैध परिवहन कर रहे थे इनमें प्रमोद 48 वर्ष, पिता भंवरसिंह राजपूत, निवासी पथरौटा, हेमराज 21 वर्ष, पिता कन्छेदीलाल चौधरी, निवासी पथरौटा हैं। वहीं जब्त सामग्री में देशी प्लेन मदिरा 12 पेटी (108 लीटर), अंग्रेजी शराब :4 पेटी (34.560 लीटर), कुल शराब 142.560 लीटर, कीमत करीब 90,000 रुपये आंकी गई है। इस दौरान लाल रंग की स्कॉर्पियो कार एमपी 04 केजी 3484, कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने कुल दस लाख नब्बे हजार का मशरूका जब्त किया है। केसला पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने नियमानुसार प्रत्येक पेटी से सैंपल निकालकर परीक्षण हेतु भेजे हैं।

## नर्मदापुरम की बेटियों ने चंबल की टीम को 6 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित जे.एस. आनंद सीनियर गर्ल्स अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चंबल संभाग को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही नर्मदापुरम ने टूर्नामेंट में 4 महत्वपूर्ण अंक हासिल कर लिए हैं।

नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि इंदौर में खेले गए इस मुकाबले में नर्मदापुरम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। चंबल संभाग की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 3 विकेट खोकर 172 रन



बनाए। चंबल की ओर से सोनिया शर्मा ने सर्वाधिक 61 रन और सोनिया सिंह ने 40 रनों का योगदान दिया। नर्मदापुरम की ओर से धारदार गेंदबाजी करते हुए पल्लवी यादव ने 2 और कल्याणी जाधव ने 1 विकेट चटकाया।




## अवैध शराब सप्लाई के विरोध में लामबंद हुए ग्रामीण, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

क्षेत्र में बढ़ती अवैध शराब की सप्लाई और शराबखोरी से परेशान होकर ग्राम पंचायत मोरपानी के सरपंच हेमराज उईके के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं और जनप्रतिनिधियों ने केसला थाना पहुँचकर ज्ञापन सौंपा।

सरपंच उईके ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में शराब की सुलभ उपलब्धता के कारण युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अवैध शराब की बिक्री और ठेकेदार के कर्मचारियों की मनमानी पर जल्द रोक नहीं लगाई गई, तो ब्लॉक के सरपंच एकजुट होकर उग्र आंदोलन कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इसमें विकास सेलुकर, मोहनलाल बरखने, सेववेती बाई, रुक्मणी बाई, शिवराज ठाकुर, गुलाब उईके सहित ग्रामीण और महिलाए उपस्थित रहीं।

### हरकत में आई नपा, डामरीकरण शुरू

## गरीबी लाइन अंडरब्रिज मार्ग की बदहाली पर सियासी घमासान, पार्षद बोले जल्दी करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड क्रमांक 12 की 'गरीबी लाइन अंडरब्रिज मार्ग' की बदहाली पर अब संग्राम छिड़ गया है। बीते दिनों नागरिकों द्वारा चक्काजाम करने की चेतावनी के बाद पार्षद और सभापति मनजीत कलोसिया भी वार्ड के नागरिकों के साथ खड़े हो गए हैं। मंगलवार को चक्काजाम की खुली चेतावनी के बाद नगर पालिका प्रशासन बैकफुट पर आ गई हैं। चेतावनी के चंद घंटों के भीतर ही नपा की मशीनरी हरकत में आ गई है, लेकिन पार्षद ने साफ कर दिया है कि वह सिर्फ 'दिखावे' से शांत नहीं बैठने वाले हैं।

दरअसल करोड़ों की लागत से बनी गरीबी लाइन से रेलवे



अंडरब्रिज तक की मुख्य सड़क आज गड्ढों और धूल के गुबार में तब्दील हो चुकी है। इस 'घटिया निर्माण' और प्रशासन की घोर लापरवाही से आक्रोशित होकर पार्षद मनजीत कलोसिया ने सीधे मुख्य नगर पालिका अधिकारी के चैंबर के बाहर एक चेतावनी पत्र चस्पा कर दिया। उन्होंने नपा को सीधी चुनौती देते हुए कहा कि अगर एक हफ्ते में उच्च गुणवत्ता के साथ सड़क का पुनर्निर्माण नहीं हुआ, तो अगले मंगलवार को नागरिकों के साथ सड़क पर उग्र चक्काजाम किया जाएगा। पार्षद एवं सभापति मनजीत कलोसिया ने कहा कि सिर्फ स्क्रैपिंग से काम नहीं चलेगा। हम इतने में रुकने वाले नहीं हैं। हमें एक हफ्ते के भीतर पूरा डामरीकरण कार्य पूर्ण चाहिए। अगर सड़क पहले जैसी नहीं हुई, तो हम अपनी बात पर कायम हैं।

## खबर संक्षेप

### कचरे से भड़की आग पेड़ों तक पहुंची

**बैतूल।** कॉलेज चौक के पास कचरे में लगी आग तेजी से फैलकर पास खड़े पेड़ों तक पहुंच गई। लपटें और धुआं उठते देख इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। दूसरी घटना धनोरा क्षेत्र में हुई, जहां आग की चपेट में आने से बिजली विभाग की डीपी जल गई। इस दौरान धमाकों की आवाजें सुनाई दीं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि ट्रांसफार्मर सुरक्षित रहा और आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। प्रारंभिक जांच में अत्यधिक गर्मी और सूखे कचरे को आग लगने की वजह माना जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से खुले में कचरा न जलाने और सावधानी बरतने की अपील की है।

### बैतूल में निजी नलकूप खनन पर पूर्ण प्रतिबंध

**बैतूल।** जिले में पेयजल स्त्रोतों के तेजी से गिरते जल स्तर को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा में 20 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक सभी अशासकीय एवं निजी नलकूपों के खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश के अनुसार, जिले में कोई भी नलकूप बोरिंग मशीन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति के बिना प्रवेश नहीं करेगी और न ही नए नलकूप का खनन किया जा सकेगा। हालांकि, सार्वजनिक सडक़ों से गुजरने वाली मशीनों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिबंधित क्षेत्रों में अवैध रूप से प्रवेश करने या नलकूप खनन का प्रयास करने वाली मशीनों को जप्त कर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करें। वहीं, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को आवश्यक एवं अपरिहार्य प्रकरणों में उचित जांच के बाद अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकृत किया गया है। आदेश के उल्लंघन पर अधिनियम की धारा 9 के तहत दो वर्ष तक का कारावास या 10 हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किए जाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत भी विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश में स्पष्ट किया गया है कि शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले नलकूप उत्खनन कार्य इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्क॥श्व) द्वारा योजनांतर्गत नलकूप खनन कार्य पूर्ववत जारी रह सकेंगे और इसके लिए पृथक अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अतिरिक्त, अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत आवश्यकता पडऩे पर नवीन खनित निजी नलकूपों एवं अन्य विद्यमान निजी जल स्त्रोतों का अधिग्रहण कर उन्हें सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था हेतु उपयोग में लाया जा सकेगा।

### सरकारी गेहूं खरीदी में दिक्कत से किसान परेशान

**बैतूल।** मंगलवार को किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। बैतूल बाजार, सोहागपुर, परतापुर और धनोरा सहित आसपास की पंचायतों के सैकड़ों किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसानों ने गेहूं खरीदी पोर्टल पर स्लॉट बुकिंग में आ रही तकनीकी दिक्कतों पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि सर्वर डाउन रहने से स्लॉट बुक नहीं हो पा रहा है, जिससे फसल बिक्री में परेशानी हो रही है। कई किसानों का फसल पंजीयन सत्यापित नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण वे समय पर स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं। मजबूरी में उन्हें अपनी फसल मंडियों में कम दाम पर बेचनी पड़ रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ महीनों में असमय बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन इसके बावजूद खरीदी प्रक्रिया में कोई राहत नहीं दी जा रही है। किसानों ने ई-टोकन प्रणाली के तहत खाद की कमी का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है।

## जलीय जीवों के जीवन पर मंडरा रहा खतरा, नपा नहीं चला रही सफाई अभियान

# पुनर्जीवन की योजना ठंडी पड़ी, माचना में 15 किमी में फैली जलकुंभी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

माचना नदी जलीय खरपतवार जलकुंभी (वॉटर हाईऐसाइंथ) से पट गई है। इससे जलीय जीव के जीवन पर संकट मंडरा रहा है। पिछले साल जलकुंभी को नष्ट करने के लिए नगरपालिका ने 7 लाख रुपए खर्च कर जेसीबी और पोकलेन मशीन से जलकुंभी हटवाई थी। इसके बावजूद एक साल में जलकुंभी ने दोबारा नदी को अपनी आगोश में ले लिया है। स्थिति यह है कि नदी का करीब 15 किलोमीटर हिस्सा जलकुंभी से ढंक गया है। कई स्थानों पर केवल जलकुंभी ही नजर आ रही है, पानी दिखाई नहीं देता। गंज मोक्षधाम से करबला घाट तक नदी की सतह पर हरी परत जमी हुई है।

विशेषज्ञों के अनुसार जलकुंभी पानी की सतह को ढंककर ऑक्सीजन की मात्रा कम कर सकती है, जिससे जलीय जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो इसका फैलाव और बढ़ सकता है। जानकार कहते है कि नदी की खराब होती स्थिति के पीछे केवल जलकुंभी जिम्मेदार नहीं है। शहर के कई नालों का पानी बिना उपचार सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है। घरों और बाजारों से निकलने वाला अपशिष्ट नालों के माध्यम से माचना में मिल जाता है। नदी किनारे स्थित मोक्षधाम में से अंतिम संस्कार के बाद राख और अन्य अवशेष भी कई बार नदी में प्रवाहित कर दिए जाते हैं। इन कारणों से पानी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और जलीय जीवों के लिए अनुकूल परिस्थितियां कम हो रही हैं।



### जलीय जीवों के जीवन पर भी मंडरा रहा खतरा

माचना नदी में जलकुंभी ने अपने कब्जे में कर लिया है। नदी द्धद्ध हर तरफ जलकुंभी की हरी चादर बिछी दिखाई दे रही है। इससे जलीय जीवों के जीवन पर भी खतरा उत्पन्न हो रहा है। धीरे-धीरे बढ़ते हुए जलकुंभी ने नदी के करीब 15 किलोमीटर के हिस्से को पूरी तरह से ढंक लिया है। यदि इस पर जल्द नियंत्रण नहीं किया गया तो इसका फैलाव पूरी नदी में हो जाएगा। इससे नदी में पानी का बहाव थमेगा और बारिश के दिनों में नदी के किनारे बाढ़ का खतरा भी अधिक हो जाएगा। इधर जलकुंभी की वजह से जलीय जीवों पर भी संकट मंडराने लगा है, क्योंकि जलकुंभी पानी की सतह को ढंककर ऑक्सीजन की मात्रा कम कर सकती है, जिससे जलीय जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

### योजना बनाएंगे

सारणी में जिस ठेकेदार द्वारा जलकुंभी की सफाई की गई थी, उन्हें बुलाया गया है। चूंकि पानी में जलीय जीव-जंतु भी रहते हैं, इसलिए बिना एक्सपर्ट के निगरानी में यह कार्य नहीं किया जा सकता है। पिछले साल मैनुवल तौर पर माचना की सफाई कराई थी। फिर जलकुंभी लौट आई। अब जैसे ही ठेकेदार आते है, उनके मार्गदर्शन में आगे की योजना बनाई जायेगी।

**- नीरज धुर्वे, एई, नगरपालिका बैतूल**

### लगभग 185 किमी लंबी है यह नदी

आमला विकासखंड के ग्राम ससाबड़ के पास से माचना नदी का उद्गम होता है। लगभग 185 किलोमीटर लंबी यह नदी आमला, बैतूल, चिचोली, शाहपुर और घोड़ाडोंगरी विकासखंडों से होकर बहती है। करीब 1057.85 वर्ग किलोमीटर के कैचमेंट क्षेत्र वाली यह नदी अंत में तवा नदी में मिल जाती है। जिले के कई गांव और कस्बे इस नदी पर प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से निर्भर हैं। वर्तमान में माचना नदी जलीय खरपतवार (जलकुंभी) से पट गई है। जलकुंभी को हटाने के लिए लंबी योजना पर कार्य करना होगा। लॉन्ग टर्म प्लानिंग के तहत इसका मैनेजमेंट किया जा सकता है।

### योजनाएं बनी, लेकिन काम नहीं हुए

माचना नदी से जलकुंभी हटवाने चार साल पहले शुरू किया पुनर्जीवन अभियान बीच में ही ठंडा पड़ गया। चार वर्ष पहले तत्कालीन कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने माचना नदी के पुनर्जीवन को लेकर समीक्षा बैठक में कई प्रस्ताव रखे थे। थे। उद्गम स्थल स्थल पर सरोवर निर्माण, रेन में वाटर हार्वेस्टिंग, पौधरोपण और विभिन्न जल संरचनाओं के निर्माण की बात कही गई थी। उद्देश्य था कि नदी जल प्रवाह बना रहे। कृषि भूमि को लाभ मिले और भूजल स्तर सुधारे। इन घोषणाओं के बाद धरातल पर बड़े पैमाने पर कार्य होते नजर नहीं आए। वर्तमान स्थिति बताती है कि योजनाओं पर आज तक कोई काम नहीं हो सका।

## परिवार में पसरा मातम

# बेटे की शादी के एक दिन बाद पिता की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नागपुर नेशनल हाईवे पर मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सडक़ हादसे में एक युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान गुरुसाहब वार्ड निवासी संजू बरमासे के रूप में हुई है। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है, वहीं परिवार में खुशियों का माहौल पलभर में मातम में बदल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संजू बरमासे अपने बेटे की शादी से ठीक एक दिन बाद पारिवारिक परंपरा के तहत देव पहुंचाने के लिए अपने बड़े भाई राजू बरमासे के साथ बाइक से बैतूल जा रहे थे। यह हादसा मंगलवार दोपहर करीब 1 से 1.30 बजे के बीच एनस के पास हुआ।

बताया जा रहा है कि बाइक संजू स्वयं चला रहे थे और दोनों भाई शादी के मांगलिक कार्यक्रमों के बाद धार्मिक परंपरा निभाने के लिए निकले थे। इसी दौरान मुलताई से बैतूल की ओर जा रही गुप्ता ट्रेवल्स की एक बस के चालक ने एनस के पास अचानक सवारी उतारने के लिए हाईवे पर बस रोक दी।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस के अचानक रुकने से पीछे आ रही बाइक को संभलने का कोई मौका नहीं मिला और वह सीधे बस के पिछले हिस्से से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि संजू के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद बस चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गए, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। गंभीर रूप से घायल संजू को तत्काल मुलताई अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर फैलते ही अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस घर में शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां अचानक शोक का माहौल छा गया।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान का विरोध

**बैतूल।** शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के विरोध में मंगलवार को फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याएं रखीं। दुकानदारों का कहना है कि वे पिछले 8 से 10 वर्षों से सडक़ किनारे छोटी-छोटी दुकानें लगाकर परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। अभियान के तहत




उनकी गुमटियां और ठेले हटाए जा रहे हैं, जिससे उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है।

# जेईई मेंस में शरद ने प्राप्त किए 96 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

हाल ही में घोषित जेईई मेंस सत्र-2 के परिणामों में शहर के होनहार छात्र शरद अग्रवाल ने 96 पर्सेंटाइल प्राप्त कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नवीन अग्रवाल के पुत्र शरद अग्रवाल ने यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत और अनुशासन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। शरद के पिता ने बताया कि वह प्रतिदिन लगभग 14 से 16 घंटे पढ़ाई करता था। उसकी दिनचर्या बेहद नियमित थी—वह रोज सुबह 5 बजे उठकर पढ़ाई शुरू करता था। कठिन परिश्रम के साथ-साथ उसे अपने माता-पिता का पूरा सहयोग और शिक्षकों का उचित मार्गदर्शन भी मिला, जिसने उसकी तैयारी को मजबूत बनाया। आर्थिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद



शरद ने अपने लक्ष्य से ध्यान नहीं हटाया। वह घर पर रहकर परिवार की किराना दुकान संभालने में भी मदद करता था और साथ ही पढ़ाई के लिए स्वयं नोट्स तैयार करता था। आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए उसने मोबाइल के माध्यम से भी अपनी पढ़ाई को बेहतर बनाया। शरद का सपना एक सफल इंजीनियर बनने का है।

# एकेडमी एक्सीलेंस अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

गुड शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को अच्छा परिणाम लाने के लिए शाला प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा 12वीं में साक्षी परते बायोलॉजी से 87 प्रतिशत और श्रद्धा राठौर 80.4 प्रतिशत गणित से, अन्वी महेश्वरी कॉमर्स से 79 प्रतिशत और कक्षा दसवीं में रुद्राक्षी राठौर 91.4 प्रतिशत, कक्षा आठवीं में साहिल कुमार 91.6 प्रतिशत और कक्षा पांचवी में शिवम कुमार 84.5 प्रतिशत लाकर स्कूल का नाम रोशन किया। प्राचार्य अलेक्स वेणी ने बताया कि गुड शेफर्ड स्कूल में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक लगभग



350 बच्चे अध्यनरत है। जिसमें सभी बच्चों का परिणाम शत प्रतिशत अच्छा रहा। हायर सेकेंडरी स्कूल के परिणाम में छह छात्र-छात्राओं का चयन लैपटॉप की श्रेणी में हुआ है। कार्यक्रम में अच्छे परिणाम लाने वाले लगभग 51 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्कूल के पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं और बधाई दी।

## गेहूं बारसा हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ कन्या वंदन समारोह

# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन, कन्या शाला में छात्राओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

गेहूं बारसा हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं का विद्यालय परिसर में समारोहपूर्वक सम्मान किया गया। इस अवसर पर कन्या वंदन कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं की उपलब्धियों को सराहा गया। कक्षा 10वीं में हिमानी राजू कावनपुरे ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं



निकिता युगल किशोर साहू ने 92.6त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में जीव विज्ञान संकाय से रुचि भोजराव आज़ाद ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। राखी राजू कावनपुरे ने 86 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि कृषि संकाय से दिव्या लक्ष्मण कावनपुरे ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी मेधावी छात्राओं को प्राचार्य एवं स्टाफ द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री घनश्याम आज़ाद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने में छात्राओं का विशेष वर्चस्व रहा है।

## जल संरक्षण हो हमारी सर्वोपरि प्राथमिकताः मधु चौहान

# भावी पीढ़ी हेतु जल बचाने करने होंगे सार्थक प्रयासः सतीश ठाकरे

### मानव श्रृंखला बनाकर दिया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड आठनेर के निर्देशन में शनिवार को सेक्टर कांवला की नवांकुर संस्था सतपुड़ा पर्यावरण समिति आठनेर के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति धारूल के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत धार्मिक स्थल गायमुख धारुल में एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम अंतर्गत नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समिति सदस्यो एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम आठनेर के छात्र-छात्राओं ने मिलकर श्रमदान करते हुए नदी के किनारे एवं पानी में फैली झाडय़ाँ,प्लास्टिक बॉटल, पन्नियां,कपड़े,काई एवं पूजन सामग्री को हटाकर नदी के जल को स्वच्छ एवं निर्मल बनाया।इस सामूहिक प्रयास से न केवल नदी की सुंदरता बढ़ी,बल्कि पर्यावरण संरक्षण का मजबूत संदेश भी दिया गया।इसके साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा नदी किनारों पर जल संरक्षण एवं स्वच्छता से जुड़े प्रेरणादायी



स्लोगन लिखे गए जिससे गौमुख पहुंचने वाले ग्रामीणों में स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश जाए।कार्यक्रम में मानव श्रृंखला बनाकर सभी प्रतिभागियों ने एकजुट होकर जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया।नवांकुर संस्था सतपुड़ा पर्यावरण समिति के अध्यक्ष सतीश ठाकरे ने ने इस पहल को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि ऐसे सार्थक प्रयास आने वाली पीढय़ों के लिए जल सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।जल का बुद्धिमानीपूर्वक उपयोग एवं इसका संरक्षण हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है।मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक मधु चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी पांचों नवांकुर संस्थाओं एवं सभी ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो द्वारा सी एम सी एल डी पी के छात्र-छात्राओं के सहयोग से गांव-गांव में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं जल संरक्षण हेतु जनभागीदारी से पूरे आठनेर विकासखंड में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।इसी कड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।उन्होंने कहा कि जब हम आज जल बचाएंगे तभी आने वाली पीढय़ों को कल जल मिल पाएगा।जल धरती का अनमोल उपहार है।इसका संरक्षण हमारी प्राथमिकता होना चाहिए।इसके पश्चात सभी के द्वारा जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से परामर्शदाता एवं नगर मंडल अध्यक्ष आठनेर गोवर्धन राने, सामाजिक कार्यकर्ता आशुतोष सिंह चौहान,नवांकुर संस्था सावंगी के अध्यक्ष दिनेश माकोड़े,प्रस्फुटन समिति धारुल के अध्यक्ष पप्पू कुमरे,मेंटर दिनेश साकरे,दीपाली पातुलकर,राधिका आदि रहे मौजूद।

## 10 ग्रामीण व 4 नगरीय चार्जों के कुल 937 प्रगणक और 159 पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कर रहे हैं प्राप्त

### जनगणना के लिए दिखा उत्साह

# प्रगणकों व पर्यवेक्षकों का द्वितीय सत्र का प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण यथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का द्वितीय सत्र का प्रशिक्षण कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ सौरभ संजय सोनवणे के नेतृत्व तथा अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी वंदना जाट के मार्गदर्शन के नगरीय एवं ग्रामीण चार्ज मुख्यालयों पर सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ।

जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नरेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि 19 से 21 अप्रैल 2026 तक आयोजित जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला बैतूल के 10 ग्रामीण और 04 नगरीय चार्जों में द्वितीय सत्र अंतर्गत उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उन्होंने



बताया कि 26 बैचों के माध्यम से 10 ग्रामीण एवं 4 नगरीय चार्जों के कुल 937 प्रगणक एवं 159 पर्यवेक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में प्रतिभागियों को जनगणना की आधारभूत जानकारी, विधिक प्रावधानों एवं दायित्वों के साथ एचएलडी मोबाईल एप की उपयोगिता से परिचित कराया गया था। द्वितीय दिवस में एप के 33 प्रश्नों के संकलन, डेटा प्रविष्टि एवं सत्यापन की प्रकिया पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्वयं तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारियों द्वारा फील्ड स्तर पर रोल प्ले के माध्यम से प्रतिभागियों को हैंड्स ऑन कराया गया। प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रगणक एप पर्यवेक्षकों में जनगणना कार्य के लिए उत्साह और आत्म विश्वास दिखाई दिया।



### वरिष्ठ जनगणना अधिकारियों ने की मॉनिटरिंग

जनगणना 2027 प्रशिक्षण में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के विभिन्न चार्जों में आयोजित हो रहे इन प्रशिक्षण सत्रों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी वंदना जाट द्वारा स्वयं मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रशिक्षण को प्रभावी बनाए रखने के लिये अनुविभागीय जनगणना चार्ज अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण सत्रों में स्वयं उपस्थित रहकर प्रशिक्षणार्थीयों का उत्साहवर्धन किया गया। अनुविभागीय जनगणना चार्ज अधिकारी आमला शैलेन्द्र बडोनियां द्वारा आमला तहसील में आयोजित प्रशिक्षण में फील्ड में अभ्यास के लिए जाने से पूर्व प्रगणक एवं प्रशिक्षकों को एचएलओ मोबाईल एप में जानकारी, फीडिंग सर्तकता और जानकारी की शुद्धता का महत्व बताया गया। इसी प्रकार आठनेर में आयोजित प्रशिक्षण में निदेशालय से नियुक्त जिला प्रभारी श्री भरत गौर और जिले के मास्टर ट्रेनर श्री विनोद अडलक द्वारा स्वयं की उपस्थिति प्रशिक्षण के महत्व को सिद्ध करती है।

### अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी वंदना जाट ने जनगणना प्रशिक्षण स्थलों का किया निरीक्षण

**बैतूल।** जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के नेतृत्व तथा अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी वंदना जाट के मार्गदर्शन में नगरीय एवं ग्रामीण चार्ज मुख्यालयों पर सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जनगणना अधिकारी नरेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि द्वितीय सत्र अंतर्गत 19 से 21 अप्रैल 2026 तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 26 बैचों में 10 ग्रामीण एवं 4 नगरीय चार्यों के कुल 937 प्रगणक एवं 159 पर्यवेक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में एचएलओ एचएलओ एप के 33 प्रश्नों के संकलन की शैली, अवधारणाओं एवं परिभाषाओं पर गहन प्रशिक्षण दिया गया तथा एप के माध्यम से डेटा संकलन एवं सत्यापन की प्रक्रिया बताई गई। प्रशिक्षण में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे इसके लिए नियमित निरीक्षण पर्यवेक्षण भी किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### प्रगणकों के लिए लाई गई मकान सूचीकरण एवं गणना निर्देशिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मतगणना 2027 का कार्यक्रम एक मई 2026 से मैदानी रूप से प्रारंभ होगा। जिसके लिए विविध स्तर के प्रशिक्षण जारी हैं। वहीं शहरी क्षेत्र में मकान सूचीकरण व मकान गणना की निर्देशिका भी प्राप्त की जा चुकी है।

सोहागपुर नप से अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी संजय परसाई ने बताया कि शहरी क्षेत्र के प्रगणकों एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण 23 से 25 अप्रैल 2026 तक सेंट पैट्रिक सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर में संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व ग्रामीण क्षेत्र के प्रगणकों के प्रशिक्षण संपन्न हो चुके हैं। संजय परसाई ने बताया कि शहरी क्षेत्र के प्रगणकों का प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से शाम चार बजे तक तीन दिवस तक होगा। जिसमें शहरी क्षेत्र के प्रगणकों को घर-घर जाकर जनगणना करने की प्रक्रिया मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा समझाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि सोहागपुर शहरी क्षेत्र में 33 प्रगणक तैनात किए गए हैं। वहीं चार प्रगणक रिजर्व रखे गए हैं। वहीं छह सुपरवाइजर निर्धारित किए गए हैं व एक सुपरवाइजर रिजर्व है। उल्लेखनीय है कि मार्च माह में शहरी क्षेत्र में मकानों की नंबरिंग का कार्य किया जा चुका है।

### संदिग्ध व्यक्ति या नाबालिक को धारदार हथियार बेंचे तो दुकानदार पर होगी कार्रवाई

# चाकूबाजी की घटनाओं को रोकने पुलिस अब एक्शन मोड में, की गई गिरफ्तारी

बढ़ती चाकूबाजी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन अब सख्त एक्शन मोड में आ गया है। मंगलवार को पुलिस ने चाकूबाजी के आरोप में गिरफ्तारी की वहीं आरोपियों का जुलूस भी निकाला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर में पिछले कुछ दिनों से बढ़ती चाकूबाजी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन अब सख्त एक्शन मोड में आ गया है। अपराधों पर नियंत्रण पाने और कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सघन चेकिंग की।

पुलिस टीम ने शहर की उन दुकानों पर छापा मारा जहां अवैध रूप से या बिना रिकॉर्ड के चाइना चाकू और अन्य प्रतिबंधित धारदार हथियार बेचे जाने की सूचना मिल रही थी। चेकिंग के दौरान दुकानदारों के स्टॉक को खंगाला गया और उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि वे ऐसी किसी भी वस्तु का विक्रय न करें जो अपराध को बढ़ावा दे सकती है।

### थाना प्रभारी की सख्त चेतावनी

थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने स्पष्ट किया कि युवाओं और अपराधियों तक इन हथियारों की पहुँच रोकना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए हैं किःइ किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या नाबालिग को धारदार हथियार न बेचें। दुकानों पर नियमानुसार ही सामग्री का विक्रय किया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अपराध पर लगेगा अंकुशः

पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से व्यापारियों और असामाजिक तत्वों के बीच हड़कंप मच गया है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस के इस कदम की सराहना की है। माना जा रहा है कि जमीनी स्तर पर की गई यह चेकिंग और कड़ाई शहर में बढ़ते अपराधों पर लगाम कसने में बेहद प्रभावी साबित होगी।

### चाकूबाजी के आरोपी का पुलिस ने निकाला जुलूस, पुरानी इटारसी से गिरफ्तार, दो अन्य आरोपी भी गिरफ्त में




इटारसी। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों में खौफ पैदा करने के उद्देश्य से इटारसी सिटी पुलिस ने आज चाकूबाजी की घटना के मुख्य आरोपी का सार्वजनिक जुलूस निकाला। पुलिस ने आदतन अपराधी चंदन पथरोट को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि पुरानी इटारसी निवासी चंदन पथरोट ने 10 दिन पूर्व अपने दो साथियों के साथ मिलकर तोशिफ नामक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने घेराबंदी कर आज उसे उसके घर से गिरफ्तार किया। आरोपी चंदन के खिलाफ थाने में पूर्व से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें मुख्य रूप से चाकूबाजी की घटनाएं शामिल हैं। इनमें से एक को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है, जबकि दूसरे आरोपी ने आज न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। चंदन की गिरफ्तारी के साथ ही इस केस के सभी आरोपी अब कानून की गिरफ्त में हैं। टीआई ने स्पष्ट किया कि शहर की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रतिदिन शाम होते ही पुलिस टीमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं और संदिग्धों की धरपकड़ जारी है।

# जांच से नाखुश परिजनों ने एसडीओपी को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मार्च 2026 में पुलिस को ग्राम बांसखापा के समीप एक युवक मृत हालत में मिला था। मृतक के परिजन न्याय के लिये भटक रहे हैं। मंगलवार को परिजनों ने नर्मदापुरम् एसपी के नाम जांच की मांग का आवेदन सौंपा है।

मृतक 24 वर्षीय विनोद मेहरा पुत्र ब्रजलाल मेहरा निवासी अंबेडकर वार्ड सोहागपुर के भाई सुनील एवं मां सावित्री बाई ने एसडीओपी संजू चौहान को आवेदन सौंपा है। आवेदन अनुसार चार मार्च 2026 को विनोद का शव पुलिस को मिला था। आवेदक ने भाई विनोद की मृत्यु को संदिग्ध बताते हुए उल्लेख किया है कि पुलिस द्वारा भाई की मृत्यु की उचित जानकारी नहीं दी जा रही है। आवेदक के अनुसार वह मेहनत-मजदूरी करता है एवं घटना का सच जानने में सक्षम नहीं है और पुलिस पर निर्भर है। आवेदक सुनील मेहरा ने सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान से न्याय की गुहार लगाई है।

### बताया था नाम

आवेदक सुनील मेहरा ने आवेदन में उल्लेख किया है कि उसने घटना के बाद सोहागपुर पुलिस को एक ऐसे व्यक्ति के बारे में भी बताया था जिससे उनकी पुरानी रंजिश थी। लेकिन पुलिस द्वारा उस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। आवेदक ने आवेदन में पुलिस से प्रश्न किये हैं कि उसका भाई नहर में कैसे गिरा?,उसकी मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई? एवं नहर से लाश बाहर कैसे आई? आवेदक के अनुसार थाना स्तर पर उचित जांच न होने के कारण उसे एवं उसकी माता को अत्यंत मानसिक पीड़ा एवं असंतोष हो रहा है।

**इनका कहना है**

मामले की जांच की जा रही है। मैंने मृतक के परिजनों को कार्यालय बुलाया है।"-
संजू चौहान, एसडीओपी, सोहागपुर।

# नव-नियुक्त न्यायधीश का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर में न्यायालय में मैहरसे आई न्यायिक मजिस्ट्रेट निशा रघुवंशी का पिपरिया आगमन पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष धर्मेन्द्र नागवंशी ने बताया कि नव नियुक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट का स्वागत सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी द्वितीय जिला न्यायाधीश मनीष कुमार पारीक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अखिलेश चांडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दिशा चांडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अधिवक्ता संघ वेद प्रकाश भार्गव सचिव अधिवक्ता संघ राजेश रजक सह सचिव सहित अन्य सभी पदाधिकारियों अधिवक्ताओं ने स्वागत सम्मानित किया गया।

# राखड़ कला के मंदिर ट्रस्टों में भ्रष्टाचार के आरोप

जांच प्रभावित करने की आशंका जताई

शिकायतकर्ता ने निष्पक्ष जांच और ट्रस्टियों को हटाकर प्रशासक नियुक्त करने की मांग की, ट्रस्ट पदाधिकारी ने आरोपों को निराधार बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शिकायतकर्ता ने निष्पक्ष जांच और ट्रस्टियों को हटाकर प्रशासक नियुक्त करने की मांग की, ट्रस्ट पदाधिकारी ने आरोपों को निराधार बताया

तहसील सिवनी मालवा के ग्राम बराखड़ कला स्थित राम जानकी व राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट तथा महावीर जी मंदिर दूधियावड़ ट्रस्ट में कथित भ्रष्टाचार को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्राम बराखड़ निवासी नीरज तिवारी ने आरोप लगाया है कि दोनों ट्रस्टों में वर्षों से वित्तीय अनियमितताएं हो रही हैं और उनकी जांच को ट्रस्टियों द्वारा प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### चार माह से शिकायत, कार्रवाई नहीं होने का आरोप

शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने कमिश्नर, कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी सिवनी मालवा को पिछले चार माह से लिखित और मौखिक रूप से शिकायतें दी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उनका आरोप है कि ट्रस्टों से सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत



मांगी गई जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

### भूमि, दुकान और प्लॉट में अनियमितता के आरोप

नीरज तिवारी ने आरोप लगाया कि दोनों ट्रस्टों के पास लगभग 100 एकड़ कृषि भूमि, मुख्य मार्ग पर 40 से 45 दुकानें तथा करीब 2.50 एकड़ आवासीय प्लॉट की भूमि है। उनका कहना है कि कृषि भूमि कम दरों पर दर्शाकर आपसी लाभ के लिए उपयोग की जा रही है, जबकि दुकानों और प्लॉटों से करोड़ों रुपये की आय अर्जित की गई है।

शिकायतकर्ता ने दोनों ट्रस्टों के वित्तीय लेनदेन, पुराने रिकॉर्ड, दुकानों की नीलामी प्रक्रिया, प्लॉट बिक्री, कृषि भूमि पट्टों तथा किराया आय की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने की मांग की है। साथ ही आशंका जताई है कि रिकॉर्ड में हेरफेर किया जा सकता है, इसलिए वर्तमान ट्रस्टियों को हटाकर प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किया जाए।

### ट्रस्ट पदाधिकारी ने आरोपों को बताया निराधार

वहीं ट्रस्ट से जुड़े यज्ञेश तिवारी ने आरोपों को पूरी तरह निराधार और तथ्यों से परे बताया है। उनका कहना है कि ट्रस्ट की सभी संपत्तियों और आय-व्यय का संचालन नियमों के तहत किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई जांच होती है तो ट्रस्ट उसका स्वागत करेगा और सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे।

### प्रशासनिक कार्रवाई पर नजर

मामले में अब स्थानीय लोगों की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है। यदि जांच होती है तो मंदिर ट्रस्टों की संपत्तियों और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े कई तथ्य सामने आ सकते हैं।

# 50 किमी सफर तय कर सीखा विद्यार्थियों ने नेतृत्व का कौशल




हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

'सतपुड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ रॉक क्लाइंबिंग एंड माउंटेनियरिंग फाउंडेशन' द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फिजिकल लीडरशिप एवं एडवेंचर कैंप में विद्यार्थियों ने अनुशासन और दृढ़ संकल्प की एक नई मिसाल पेश की। इस कैंप में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के बी.पी.ई.एस. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने क्रीड़ा अधिकारी राजू कुमार के नेतृत्व में हिस्सा लिया और अद्वितीय साहस का परिचय दिया। कैंप के दौरान प्रतिभागियों ने पचमढ़ी के घने और चुनौतीपूर्ण जंगलों में लगभग 150 किलोमीटर का सफर तय किया। इस रोमांचक यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने ट्रैकिंग, रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, जिपलाइन, स्टारगेजिंग और रेस्क्यू प्रशिक्षण जैसी कठिन गतिविधियों में भाग लिया।

# किसानों ने की बैंक द्वारा कर्जदार बताए जाने की शिकायत

### प्रशासन से की कार्रवाई किए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के कुछ किसानों ने मंगलवार को सेमरी में हुई जन सुनवाई में आवेदन सौंप शिकायत की है कि उन्हें सहकारी बैंक ने कर्जदार बना दिया है। किसानों ने फर्जी ऋण खाते से हटाने की व गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। आवेदनों में उपायुक्त सहकारिता विभाग नर्मदापुरम को पूर्व में प्रेषित आवेदन एवं आदिम जाति सहकारी समिति मर्यादित सोहागपुर द्वारा प्रदत्त बेवाकी प्रमाण पत्र की छायाप्रतियां भी संलग्न की गई हैं।

### प्रकरण एक-

बालाराम विश्वकर्मा नन्हेवीर निवासी जवाहर वार्ड सोहागपुर द्वारा की गई शिकायत अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सोहागपुर ने विश्वकर्मा के नाम पर 17,200 रूपये का ऋण फर्जी तरीके से चढ़ाया गया है। जबकि उन्होंने समिति से बीज या खाद उधार नहीं लिया है। आवेदक के अनुसार उनके नाम से कोई परमिट समिति ने नहीं काटा है, ना समिति के ऋण रजिस्टर पर उनके अंगूठा या हस्ताक्षर हैं। समिति अब खाद नहीं दे रही है।

### प्रकरण दो-

घनमंती रघुवंशी पत्नि जीवनलाल रघुवंशी जवाहर वार्ड सोहागपुर ने शिकायत की है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सोहागपुर द्वारा उनके नाम पर 20,326 रूपये का ऋण फर्जी तरीके से चढ़ाया गया है। जबकि उन्होंने समिति से बीज या खाद उधार नहीं लिया है। समिति ने कोई परमिट नहीं काटा, ना समिति के ऋण रजिस्टर पर उनकी अंगूठा निशानी अथवा हस्ताक्षर हैं। समिति से खाद नहीं मिल रहा है।

### प्रकरण तीन-

महेश रघुवंशी पुत्र स्व. रमेश रघुवंशी जवाहर वार्ड सोहागपुर के आवेदन अनुसार उन पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सोहागपुर द्वारा 7,800 रूपये का ऋण फर्जी तरीके से चढाया गया है। जबकि उन्होंने सहकारी समिति सोहागपुर को रसीद क्रमांक-ए 24 एवं बुक नंबर 647 के माध्यम से 30 मई 2021 को 7,800/- रूपये जमा किये हैं। उसके बाद भी समिति आवेदक पर ऋण राशि बता रही है। जबकि आवेदक ने ना परमिट कटाया, ना समिति की ऋण पंजी पर अंगूठा लगाया, ना ही हस्ताक्षर किये और ना ही उधार खाद या बीज लिया है। किसानों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

### महिलाओं को पोषण के प्रति किया जागरूक

**सिवनी मालवा।** कलेक्टर के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना सिवनी मालवा द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 6/3 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को सशक्तिकरण, नेतृत्व और पोषण के महत्व से अवगत कराने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली का नेतृत्व प्रभारी परियोजना अधिकारी सुचित्रा राजावत, पर्यवेक्षक आसमा खान एवं वार्ड 7 की पार्षद गीताबाई कुशवाहा ने किया। रैली प्रारंभ होने से पूर्व पर्यवेक्षक आसमा खान ने वार्ड की महिलाओं को नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के मुख्य उद्देश्यों से अवगत कराया।

# गेहूं खरीदी में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, समस्या के समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



क्षेत्र में जारी गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में किसानों को हो रही परेशानियों और कथित अनियमितताओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिवनी मालवा ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और सरल बनाने की मांग की गई।

कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में गेहूं खरीदी केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग व्यवस्था सही तरीके से संचालित नहीं हो रही है, जिसके कारण किसानों को समय पर तारीख नहीं मिल पा रही है। इससे किसानों की उपज मंडियों में पड़ी खराब होने की स्थिति बन रही है। साथ ही पांच एकड़ से अधिक भूमि रखने वाले किसानों की खरीदी पर प्रतिबंध जैसी स्थिति से बड़े किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिन किसानों के परिवार में विवाह जैसे सामाजिक कार्यक्रम निर्धारित हैं, उन्हें तत्काल भुगतान नहीं मिलने से आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सर्वर डाउन रहने के कारण कई किसानों का पंजीयन और स्लॉट बुकिंग कार्य भी प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने मांग की कि गेहूं खरीदी प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से पारदर्शी एवं सुचारू बनाया जाए।

# महिला सेल डीजी कुमार ने एसडीओपी के साथ की बैठक, बालिका गुमशुदी पर फोकस के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



बालिका गुमशुदगी मामलों के निपटारे व इन मामलों पर फोकस के मैंने निर्देश दिये हैं। उक्त बात महिला सेल डीजी अनिल कुमार ने मंगलवार दोपहर हरिभूमि प्रतिनिधि से कही। कुमार नर्मदापुरम् जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करने सोहागपुर पहुंचे थे।

मंगलवार दोपहर लगभग 11:30 बजे नगर परिषद सोहागपुर के सभा कक्ष में बैठक प्रारंभ हुई। जिसमें महिला सेल डीजी अनिल कुमार ने नर्मदापुरम् जिले के एसडीओपी के साथ अनुविभागशः बैठक की। तथा वर्ष 2012 के बाद के बालिका गुमशुदगी के मामलों की जानकारी ली।

उन्होंने बैठक में निर्देश दिये हैं कि प्रत्येक अनुविभाग क्षेत्र एवं थाना क्षेत्र अंतर्गत बालिका गुमशुदगी के सभी प्रकरण निपटाए जाएं।

### शिकायत मिलने पर हो प्रचार प्रसार

साथ ही उन्होने कहा कि बालिका गुमशुदा की कोई रिपोर्ट यदि आती है तो पर्याप्त प्रचार प्रसार किया जाए। ताकि जनमानस के बीच भी गुम हुई बालिका की खोज को लेकर जागरूकता फैल सके। इस दौरान नर्मदापुरम एसपी एसके थोटा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सोहागपुर पुलिस अनुविभाग की ओर से एसडीओपी संजू चौहान तथा थाना क्षेत्र की ओर से थाना प्रभारी राहुल रायकवार ने डीजी महिला सेल अनिल कुमार का पुष्पगुच्छ देकर सोहागपुर क्षेत्र में स्वागत किया।

### भगवान परशुराम जयंती पर हुए आयोजन, हुए पूजन-अर्चन

# सर्व विप्र मातृशक्ति ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




मंगलवार को परशुराम भवन में सर्व ब्राह्मण महिला संगठन ने मातृशक्ति एवं प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया सर्वप्रथम भगवान परशुराम का पूजन किया। समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत नृत्य भजन कविता मंच से प्रस्तुत किया महिला मंडल द्वारा मेहंदी रंगोली एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भगवान परशुराम से संबंधित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि सर्व ब्राह्मण महिला संगठन की जिला अध्यक्ष आशा दुबे उपाध्यक्ष पासवाल नगर परिषद अध्यक्ष रीना तिवारी श्रेष्ठ अतिथि पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष निकुंज लता गुरु पुष्पा गुरु की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ रानी गुरु द्वारा किया गया। सर्व ब्राह्मण समाज की महिला प्रतिनिधियों एवं हनुमान जयंती गणगौर एवं अन्य धार्मिक आयोजन की शुरुआत करने के लिए विभिन्न पदाधिकारी सामाजिक मातृशक्ति का स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र से सम्मान किया सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया पार्षद रश्मि मिश्रा अनुज गुरु समाज की शिक्षिकाएं खेल स्पर्धा में नाम रोशन करने वाली प्रियंका दुबे को सम्मानित किया गया नन्ही कवित्री काव्या पुरोहित ने अपनी कविता से सब का मन हो लिया कार्यक्रम का सफल संचालन सर्व ब्राह्मण महिला संगठन की महामंत्री मनीषा उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में समाजसेवी गीता तिवारी सर्व ब्राह्मण महिला संगठन की संरक्षक चंदा सैहदाबत उपाध्यक्ष अलका पुरोहित कोषाध्यक्ष पप्पी गुरु महामंत्री मेरबू शर्मा पूजा उगरिमा उपाध्याय ब्रज जोशी सरला पुरोहित इंदिरा दुबे प्रीति तिवारी सुधा शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए। वहीं बुधवार को भगवान परशुराम की विशाल शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

**जाहिर आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा इटारसी के समक्ष लखन सिंह तोमर आत्मज बब्बू सिंह तोमर एवं सुशीला बाई पत्नि लखन सिंह तोमर अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति परिवर्तित क्षेत्र प्रियदर्शिनी नगर न्यास कॉलोनी शहर इटारसी प्लाट नं. एमआईजी 4 रकवा 1500 वर्गफुट है। जिसकी चतुर्थ सीमा पूर्व में प्लाट नं. एमआईजी-5 पश्चिम में प्लाट नं. एमआईजी-3 उत्तर में प्लाट नं. ईडब्लयूएस 10,11,12 दक्षिण में 15 मीटर रोड जो वार्ड नं. 12 नया वार्ड नं. 13 प्रियदर्शिनी नगर न्यास कॉलोनी इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र. में स्थित है। को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा इटारसी के पक्ष में बंधक प्रभारित कर प्रदत्त गृह ऋण सुविधा की गारंटी स्वरूप बंधक प्रभारित कर रहे है। उक्त संपत्ति विक्रय पत्र के मांध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराकर कब्जा व आधिपत्य प्राप्त कर उपयोग कर रहे है उक्त संपत्ति की लिंक लीजडीड दिनांक 27/03/2006 पुस्त कमांक ए-1 ग्रंथ क्रमांक 1003 पृष्ठ क्रमांक 29-40 दस्तावेज क्रमांक 1855 जो विक्रेता मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद इटारसी ने क्रेता सुरजीत कौर पत्नि खेल सिंह को निष्पादित की थी उक्त लिंक लीजडीड गारंटर/स्वामी से गुम गये है जिसकी प्रथम सूचना प्रतिवेदन उनके द्वारा दर्ज करा दी गई है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, वारिस, उत्तराधिकारी, बैंक, सोसायटी, नजूल, राजस्व म.प्र. शासन, शासकीय अथवा अशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक, भार, विलियन अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद उक्त संपत्ति/लिंक लीजडीड पर हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय अथवा बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा इटारसी में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति दर्ज करावें। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तत्पश्चात मेरा पक्षकार बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा इटारसी उक्त संपत्ति के संपूर्ण ओरिजनल दस्तावेज एवं लिंक लीजडीड की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त कर बंधक प्रभारित कर ऋण स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही कर ऋण प्रदान करेगा जिस पर कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय **एन. के साहू** अधिवक्ता
निधि चौहान अधिवक्ता सेन्ट्रल बैंक के सामने, इटारसी मो. नं. 9425040080

खबर संक्षेप

### जेल लोक अदालत का आयोजन 26 को

**हरदा।** जेल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जेल लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जेल में निरूद्ध बंदियों के लंबित प्रकरणों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण निराकरण करना है, ताकि उन्हें शीघ्र न्याय मिल सके।

### 100 दिवसीय फ्री लाइव योग सत्र का आयोजन

**हरदा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की पूर्व देश व्यापी जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 100 डेज फ्री लाइव योगा सेशन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय के तहत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसका मुख्य लक्ष्य आम नागरिकों के दैनिक जीवन में योग को शामिल करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों के लिए 14 दिवसीय संरचित योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक नागरिक और शासकीय कर्मचारी वेबसाइट व टोल फ्री नंबर 1800-315-7008 के माध्यमों से निःशुल्क पंजीकरण कराकर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को आदेशित किया है कि वे स्वयं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर ऑनलाइन योगाभ्यास करें तथा अपने अधीनस्थों की सहभागिता भी सुनिश्चित करें।

### मास्टर क्लब ने यंग स्टार को 38 रन से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में खेली जा रही कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को एक रोमांचक मुकाबले में मास्टर क्लब ने यंग स्टार को 38 रन से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मौके पर डीसीए की ओर से सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, आयोजन समिति की ओर से चेतन मेवाड़ा, अतुल कुशवाहा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रविवार को पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी मास्टर क्लब ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 207 रन बनाए थे। इसमें रनवीर 61 रन और राजीव खरे ने 39 रन के साथ शानदार शुरूआत की, इसके अलावा कपिल 33 रन, राहुल वर्मा 14 रन, रोहित-वाकर आलम ने 12-12 रन और जीवन बाथम ने 11 रन बनाए थे। इधर यंग स्टार की ओर से गेंदबाजी करते हुए छोटू खान-शाहिद ने दो-दो विकेट, नदीम पटेल, नीरज मेहरा, विजय कुमार ने एक-एक विकेट हासिल किए।

### 26 को सीहोर जिला जेल में आयोजित होगी विशेष जेल लोक अदालत

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार 26 अप्रैल को सीहोर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सीहोर स्थित जिला जेल में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि जेल लोक अदालत में रखे जाने के लिए न्यायालय के समक्ष बंदियों के लंबित छोटे अपराधो, समझौता योग्य प्रकरण, प्ली बारगेनिंग योग्य प्रकरण और अन्य उपयुक्त आपराधिक प्रकरणों सहित योग्य प्रकरणों की पहचान पहले से कर सूचना पत्र जारी किये जा रहे है एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीहोर की खंडपीठ द्वारा जेल परिसर में ही बैठक कर इन प्रकरणों की सुनवाई एवं निराकरण जेल लोक अदालत के माध्यम से किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा सभी से आव्हान किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में बंदियों के प्रकरणों का निराकरण कर जेल लोक अदालत को सफल बनाएं।

### गोविंद गोयल ने पत्रकार आशीष गुप्ता के निवास पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**सीहोर।** राजधानी के वरिष्ठ व्यापारी नेता एवं भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष गोविंद गोयल सोमवार को पत्रकार आशीष गुप्ता के निवास पर पहुंचे। उन्होंने आशीष गुप्ता के पिता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

अधिकारियों ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की विभिन्न समस्याएं

# खेत पर जाने के रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत, अतिक्रमण हटाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, हरदा एसडीएम अशोक डहेरिया, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, टिमरनी एसडीएम संजीव नागू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में सोनल एग्रो वेयरहाउस मसनगांव के संचालक ने वेयरहाउस का किराया भुगतान न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी को मामले की जांच कर किराया भुगतान कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में हर्षिता लक्ष्मीनारायण ने पोर्टल पर छात्रवृत्ति की राशि कम दिखाई देने के संबंध में शिकायत की, जिस पर सहायक संचालक पिछड़ा एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में ग्राम भायली निवासी नंदकिशोर बृजलाल ने आवेदन देकर पीएम किसान निधि व सीएम किसान निधि की राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार रहटगांव को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में आशाबाई घाटे ने नसबंदी ऑपरेशन फेल होने के बाद मुआवजा राशि प्राप्त न होने के संबंध में की, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। मेदाबाई अंकले निवासी अबगांव खुर्द ने खेत पर जाने के रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत की, जिस पर तहसीलदार हरदा को मामले की जांच कर रास्ते से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में सिराली निवासी अंजली मालवीय ने आवेदन देकर बीपीएल राशन कार्ड के लंबित आवेदन का निराकरण कराने की मांग की, जिस पर एसडीएम खिरकिया को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए।

## सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के लिए अधिकारी कर्मचारियों को किया प्रशिक्षित

**हरदा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मति अंजलि जोसेफ द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को सीएम हेल्पलाइन के निराकरण एवं कार्य में उच्च प्रदर्शन के लिए जिला पंचायत कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण जिला प्रबंधक लोक सेवा नितिन वर्मा के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में जनपद पंचायत खिरकिया, टिमरनी हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जनपद पंचायतों के योजना प्रभारी,कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।



# आउटसोर्स कर्मचारियों ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मंगलवार को भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन नायब तहसीलदार भगवदास तंखानिया को कलेक्टर के माध्यम से दिया गया।

प्रदर्शन के दौरान संघ के विभाग प्रमुख जितेंद्र सोनी, जिला अध्यक्ष मुकेश धामन्देकर, जिला महामंत्री प्रबल पवार, आउटसोर्स जिला अध्यक्ष वीरेंद्र भाटी सहित कई पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। ज्ञापन में आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए सरकार स्तर पर ठोस नीति बनाने की मांग की गई। साथ ही आउटसोर्स सर्विस सिक्योरिटी एक्ट या निगम मंडल के गठन के जरिए सामाजिक सुरक्षा और उचित वेतन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। कर्मचारियों ने 8 घंटे से अधिक काम पर नियमानुसार अतिरिक्त भुगतान देने और वेतन सीधे विभाग या संस्था से दिलाने की मांग की, ताकि बिचौलिया प्रथा खत्म हो सके।

**सरकार स्तर पर ठोस नीति बनाने की मांग की**

ज्ञापन में हर महीने की 7 तारीख तक वेतन और वेतन पर्ची देने, अनुभव के आधार पर वेतन वृद्धि और नियमित भर्ती में अवसर देने की मांग रखी गई। बिना जांच नौकरी से हटाने पर रोक लगाने की बात भी कही गई। कर्मचारियों ने ईएसआई, ईपीएफ और ईएसआईसी जैसे लाभ सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही 62 वर्ष की आयु तक सेवा का प्रावधान लागू करने की भी मांग रखी गई।

# कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिकों की मूंग फसल उत्पादक किसानों को सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने मंगलवार को ग्राम बालागांव में किसान के प्रक्षेत्र पर भ्रमण किया। इस दौरान किसान राकेश गौर ने मूंग की फ़सल सुखने की समस्या से अवगत कराया, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केन्द्र प्रमुख डॉ. संध्या मुरे व डॉ ओमप्रकाश भारती ने खेत का नैदानिक भ्रमण किया और पाया कि जहां जल भराव की स्थिति है वहां कुछ पौधे सुख रहे हैं जो कि जड़ सड़न फफूंद रायजोटोनिया प्रजाति द्वारा होता है। उन्होने जड़ सड़न के प्रबंध हेतु सलाह दी कि ट्राईकोडरमा प्रजाती अथवा स्पूडोमोनास प्रजाती को 2-3 लीटर 1 क्विंटल गोबर के खाद में मिलाकार, 1 एकड़ हेतु बोनी के 15 दिन पहले नमी की उपस्थति में छायादार स्थान पर मिलकार रखें और नमी बनाय रखें इस मिश्रण को बोनी के पहले जुताई के साथ खेत में मिला दें तथा फफूंदनाशी द्वारा बीज उपचार करें, संक्रमण को आगे फेलने से रोकने के लिए टेबुकोनाज़ोल + सल्फर को 400 ग्राम प्रति एकड़ की दर से छेड़छाड़ करें।

राज्यपाल ने कलेक्टर को किया सम्मानित

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में हरदा को प्रदेश में प्राप्त हुआ द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



लोक भवन, भोपाल में आयोजित समामेलित विशेष निधि प्रबंधन समिति की 25वीं वार्षिक बैठक में मध्यप्रदेश के जिलों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने की। इस अवसर पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य से अधिक अनुदान राशि एकत्रित करने वाले जिलों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान हरदा जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य 2,75,900 रुपये के विरुद्ध 6,20,725 रुपये की राशि एकत्रित कर पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिले की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर राज्यपाल पटेल ने सिविल सेवा दिवस के अवसर पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने इस अवसर पर बताया कि हरदा जिला झंडा दिवस निधि के लिये लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहण के मामले में पिछले 11 वर्षों से लगातार प्रदेश में प्रथम तीन जिलों में शामिल रहकर यह सम्मान प्राप्त करता रहा है।

# मंडी में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी शुरू ऑनलाइन प्रक्रिया से किया जाएगा भुगतान





**भैरूंदा।** कृषि उपज मंडी प्रांगण भैरूंदा में सोमवार से भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के माध्यम से समर्थन मूल्य पर चना खरीदी का शुभारंभ हो गया। मंडी प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के बाद खरीदी केंद्र का शुभारंभ राजेश पंवार, प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा (मध्यप्रदेश) द्वारा किया गया।

यह खरीदी प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना के तहत की जा रही है, जिसके अंतर्गत दलहन फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित की जाती है। मंडी में चने की खरीदी 5875 रुपये प्रति क्विंटल के निर्धारित समर्थन मूल्य पर की जा रही है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। एनसीसीएफ भोपाल शाखा द्वारा 6 अप्रैल को मंडी समिति भैरूंदा को पत्र लिखकर खरीदी केंद्र स्थापित करने एवं किसान पंजीयन के लिए स्थान उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद मंडी प्रशासन ने पंजीयन काउंटर, तुलाई के लिए शेड सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर खरीदी कार्य प्रारंभ कराया। खरीदी प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है।

किसानों के दस्तावेजों और उपज का रिकॉर्ड डिजिटल स्कैनर के माध्यम से तत्काल दर्ज किया जा रहा है। खरीदी के बाद भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित हो सके। हयात फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एफपीओ) को खरीदी संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संस्था के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इकबाल खान ने बताया कि खरीदी कार्य सुचारू रूप से शुरू हो चुका है और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी इंतजाम किए गए हैं।

उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे अपनी उपज साफ और सूखी अवस्था में लाएं तथा आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। शुभारंभ अवसर पर महेश खण्डेलवाल (वरिष्ठ भाजपा नेता), उमेद सिंह धुर्वे, विकास पंवार (डायरेक्टर), मनोहर मीणा (खात्याखेड़ी), किसान हरिनारायण शर्मा, मोहम्मद तारिक, हरि सिंह पंवार सहित हयात एफपीओ के अधिकारी एवं मंडी स्टॉफ मौजूद रहे।

### श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज-विश्व पृथ्वी दिवस 2026 का आयोजन

**सीहोर।** श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज, सीहोर के तत्वावधान में एवं मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सहयोग से विश्व पृथ्वी दिवस 2026 का आयोजन आगामी 24 अप्रैल तक विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा।



यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. डॉ. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन, कुलसचिव राजेश शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं सतत विकास को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रमुख हैं। विशेष व्याख्यान, क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर/ड्राइंग प्रतियोगिता, प्लास्टिक मुक्त जागरूकता कार्यक्रम, कचरा पृथक्करण एवं पुनर्चक्रण गतिविधि, ग्रीन शपथ समारोह, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, पौधरोपण एवं जल संरक्षण गतिविधियां।

### बुधनी खिलौना क्लस्टर का भारतीय विदेश सेवा अधिकारियों ने किया भ्रमण

**सीहोर।** भारतीय विदेश सेवा (IFS) के अधिकारियों के एक दल ने बुधनी स्थित खिलौना क्लस्टर का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय खिलौना कारीगरों से सीधे संवाद कर पारंपरिक खिलौना निर्माण की विधियों, उपयोग में आने वाले कच्चे माल तथा व्यापारिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने कारीगरों द्वारा बनाए जा रहे हस्तनिर्मित खिलौनों की गुणवत्ता, डिजाइन और बाजार संभावनाओं का अवलोकन किया तथा इस परंपरागत कला के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने कारीगरों से उनके अनुभव, चुनौतियों और बाजार विस्तार से जुड़े पहलुओं पर भी चर्चा की। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली की भी जानकारी ली। इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से प्रबंधक संदीप उईके एवं हरीश शीठा, प्रभारी प्रबंधक उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय नारी सशक्तीकरण सम्मेलन में कॉलेजों ने की सहभागिता

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार भोपाल स्थित एमवीएम ग्राउंड पर "राज्य स्तरीय नारी सशक्तीकरण सम्मेलन" आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, बुधनी के शासकीय कन्या महाविद्यालय, आष्टा के शासकीय महाविद्यालय और जावर शासकीय महाविद्यालय की महिला कर्मचारी एवं प्राध्यापकों ने सहभागिता की।

इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, सामाजिक सहभागिता तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों एवं अवसरों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने नारी सशक्तीकरण को बढ़ावा देने एवं समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# नागरिकों ने छावनी श्मशान में साफ सफाई कर पूरा किया सेवा संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

नागरिकों ने रविवार को छावनी शमशान पहुंचकर वॉर्ड नंबर 19 के पार्षद के सेवा संकल्प को पूरा किया। नागरिकजनों ने छावनी शमशान की हर कोने में पहुंचकर झाड़ू लगाकर साफ सफाई की पूर्व पेड़ पौधों में बरसों से जमीन जहां कहां पहले पत्तों को साफ किया। शमशान क्षेत्र के अंदर मौजूद रुके हुए पानी को निकालने के लिए नलियों में भी फवड़ा चलाया और मलबे को बाहर निकाला। भीषण गर्मी के कारण सूख रहे पौधों को पानी दिया। नागरिकों ने सेवा कार्य करने का बहाना पार्षद नरेंद्र राजपूत के जन्मदिवस को बना लिया।

नरेंद्र ने भी नागरिकों की भावनाओं का ध्यान रखा और छावनी शमशान घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर सफ़ाई मैं सहयोग किया।पार्षद राजपूत का कहना है था कि स्वच्छता अभियान चलाकर एवं पर्यावरण को बचाए रखने के लिए पौधा रोपण एवं संरक्षण, गर्मियों में पशु, पक्षियों के लिए भोजन पानी की व्यवस्था, किसी जरूरतमंदों की सेवा करना चाहिए, जिससे समाज में एक सकारात्मक और सेवा भावी संदेश जाता हैं । छावनी शमशान पहुंचकर नरेंद्र राजपूत के साथ राजेश तिवारी, जितेंद्र चौरे, दिनेश कटारे, विजेंद्र जायसवाल, वविन यादव, राजेंद्र नगर, राजेश परिहार, भारत सोनी, सुदेश सोनी, दिनेश शर्मा, राजेश गुप्ता, कमलेश अग्रवाल, विनोद माहेश्वरी, आशीष पचौरी, शुभम राठौड़, वीरेंद्र किरार, प्रवेश राठौर, नीलेश राठौर, गणेश यादव, कपिल शर्मा, घनश्याम सेन, देवेश अग्रवाल, अमित जोशी, प्रदीप साहू, हिमांशु चौरसिया, पुनीत सोलंकी, डॉक्टर सतीश वर्मा, महेश पारीक, कीर्ति श्रीवास्तव आदि लोगों ने सेवा कार्य किया।